## बगीचे के पास मिली इलेक्ट्रीशियन की लाश

**उज्जैन।** गुरुवार सुबह मणिनगर क्षेत्र में बगीचे के समीप से एक व्यक्ति की लाश मिली जिसकी पहचान इलेक्ट्रीशियन के रूप में हुई है। मृतक एसी रिपेयरिंग का काम करता था और शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनो को देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने सूचना दी थी कि बगीचे के समीप एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और मृतक की पहचान के प्रयास के लिए आसपास के लोगों को बुलाया तो मृतक का नाम योगेश पिता जयदयाल शर्मा 50 साल निवासी मणिनगर होना सामने आया। परिजनों के आने पर पता चला कि मृतक योगेश एसी रिपेयरिंग का काम करता था और दो बच्चों का पिता होकर शराब पीने का आदी था। नशे में आए दिन पत्नी से मारपीट करता था जिसके चलते कुछ साल पहले पत्नी उसे छोड़कर बच्चों को लेकर ऋषिनगर क्षेत्र में रहने चली गई थी। योगेश दो-चार दिन में बच्चों से मिलने जाता था। पुलिस के अनुसार लाश मिलने पर मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। संभावना है कि भीषण गर्मी और अधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई है जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा।

# क्षिप्रा परिक्रमा में दिखेगी जल संरक्षण की झलक

**रेन वाटर हार्वेस्टिंग का होगा प्रदर्शन, 26 में को उज्जैन आएंगे मुख्यमंत्री, घर दुकान होटल मैरिज गार्डन अस्पताल पर लगा रहे सिस्टम**

**उज्जैन। मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तट पर गंगा दशहरा पर्व इस बार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता का भी बड़ा संदेश देगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में शिप्रा परिक्रमा यात्रा के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। नगर निगम इसे जन अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है, ताकि आने वाले वर्षों में जल संकट से निपटने की मजबूत तैयारी की जा सके। आयुक्त अभिलाष मिश्रा के मार्गदर्शन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का अभियान चल रहा है।**

अब तक करीब एक हजार घरों में यह व्यवस्था स्थापित की जा चुकी है। इसके अलावा दुकानें, होटल, होम-स्टे, अस्पताल, धर्मशालाएं और मैरिज गार्डन जैसे बड़े परिसरों में भी सिस्टम लगाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्षा जल का संग्रहण भूजल स्तर बढ़ाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इससे गर्मी के दिनों में पानी की कमी कम होगी, बोरवेल लंबे समय तक चलते रहेंगे और भविष्य में नए जल स्रोत तैयार करने में मदद मिलेगी। शहर में लगातार बढ़ती जल आवश्यकता को देखते हुए इसे जरूरी कदम माना जा रहा है। गंगा दशहरा पर नीलगंगा सरोवर में साधु-संतों का विशेष स्नान होगा। इस बार गंगा दशहरा केवल धार्मिक अनुष्ठानों का पर्व नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण, नदी संवर्धन और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी देगा। शिप्रा तट से उठने वाला यह संदेश पूरे प्रदेश में जल




जागरूकता की नई पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### धर्म और जल संरक्षण का संगम-विदेशी श्रद्धालु भी आएंगे

उज्जैन धार्मिक नगरी उज्जैन में गंगा दशहरा पर्व को लेकर भक्तिभाव का वातावरण बनने लगा है। रामघाट पर इन दिनों सुबह से लेकर देर रात तक पूजा-अर्चना, संकीर्तन और हरिकथा का क्रम जारी है। देशभर से श्रद्धालु शिप्रा गंगा माता के दर्शन और स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। 26 मई को गंगा दशहरा का मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शिप्रा माता को चुनरी अर्पित किए जाने की संभावना है। इस अवसर पर साधु-संतों की पेशवाई भी निकाली जाएगी। देशभर के नागा साधु-संत और अखाड़ों के महंत इसमें शामिल होंगे। इस बार आयोजन में विदेशी श्रद्धालुओं की भी विशेष भागीदारी देखने को मिलेगी। महामंडलेश्वर केकोआइकावा अपने जापानी शिष्यों के साथ आयोजन में सम्मिलित होंगी। धार्मिक परंपरा और भारतीय संस्कृति के प्रति विदेशी श्रद्धालुओं का यह आकर्षण लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### आम नागरिकों को यात्रा के दौरान डेमो

शिप्रा परिक्रमा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों से भी अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि धार्मिक आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष डेमो दिखाया जाएगा, सीएम द्वारा प्रदेश में नदियों को जोड़ने और जल संवर्धन को लेकर चलाए जा रहे प्रयासों के बीच उज्जैन का यह अभियान भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## 8 इंच टेलीस्कोप से देख सकेंगे चंद्रमा की सतह के गड्ढे

### 7 दिवसीय आकाशीय अवलोकन शिविर शुरू

**उज्जैन।** खगोलीय पिंडों में जिज्ञासा रखने वालो के लिए गुरुवार से शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर सात दिनों तक ग्रीष्मकालीन आकाशीय अवलोकन शिविर की शुरुआत की गई जहां टेलीस्कोप की मदद से चंद्रमा की सतह पर गड्ढे, पहाड़ के साथ सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह, उपग्रहों का अवलोकन कर सकेंगे।

वैधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि वर्तमान में आकाश में सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में लट्टू की तरह चमकदार शुक्र ग्रह को देखा जा रहा है। पश्चिमी आकाश में लगभग 60 अंश पर चमकदार बृहस्पति ग्रह दिखाई दे रहा है। शुक्ल पक्ष का प्रतिदिन बढ़ता हुआ हमारा चन्द्रमा तो आकाश में दिख ही रहा है। इस प्रकार तीन खगोलीय पिण्डों के अवलोकन के लिए और खगोलीय पिंड़ों में जिज्ञासा रखने वालों के लिये शासकीय जीवाजी वेधशाला पर 21 से 28 मई तक ग्रीष्मकालीन आकाशीय अवलोकन नशविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय शाम 7 से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। खगोलीय पिंड़ों का अवलोकन करने वालों की उम्र 10 से अधिक होना अनिवार्य है। शिविर के प्रतिभागियों को आकाशीय जानकारी प्रदान की जायेगी और 8 इंच व्यास के टेलिस्कोप से चन्द्रमा की सतह के गढ़ढ़े, पहाड़, सौर मण्डल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति की सतह की पट्टियों उसके उपग्रहों पृथ्वी के नजदीक ग्रह शुक्र को उसकी चन्द्रमा की तरह कलाओं के साथ अवलोकन करवाया जायेगा। शुक्र ग्रह नीचे की स्थिति में होने के कारण शाम 8 बजे के बाद टेलीस्कोप की परिधि से बाहर हो जायेगा। इसे 8 बजे तक ही दिखाया जा सकेगा। आकाशीय अवलोकन के लिये आकाश का खुला होना आवश्यक है। बादल होने पर आकाशीय अवलोकन नहीं कर सकेंगें। शिविर में प्रति सहभागी 20 रुपये शुल्क रखा गया है।

# बेजुबानों का सहारा बना कर्म सेवा-धर्म सेवा परिवार, लगाए पानी के पात्र

- पशु-पक्षियों के लिए की गई जल
- व्यवस्था, रहवासियों ने लिया
- प्रतिदिन जल भरने का संकल्प

**उज्जैन।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए कर्म सेवा धर्म सेवा परिवार ने पुनीत पहल की है। प्रचंड गर्मी में मूक प्राणियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर के विभिन्न स्थानों पर पशु-पक्षियों, श्वान एवं छोटे जीव-जंतुओं के लिए जल पात्र स्थापित किए गए हैं।

संस्था के दर्शन ठाकुर ने बताया कि शहर के उन स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है, जहां जीव-जंतुओं का अधिक आवागमन रहता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इस चिलचिलाती धूप में कोई भी जीव प्यासा न रहे। इस कार्य में नागरिकों ने सहभागिता निभाई। अभियान के दौरान संस्था के शाश्वत पंड्या, हिमांशु पंड्या, मुगिज खान, ऋतुराज सिंह तंवर, सौरभ नागर और मनीष विश्वकर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### रोज पानी भरेंगे...

जल संकट से बेजुबानों को बचाने के लिए संस्था ने जल पात्र स्थापित करने के साथ ही स्थानीय स्तर पर जागरूकता भी फैलाई। स्थानीय रहवासियों को प्रतिदिन इन जल पात्रों में नियमित रूप से जल भरने का संकल्प करवाया गया, ताकि यह व्यवस्था निरंतर चलती रहे और जीव सेवा ही शिव सेवा का पावन संदेश सार्थक हो सके। बता दें कि अभी भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसमें पक्षियों के लिए आफत आ जाती है।

## कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** इंदौर रोड पर चार पहिया वाहन ने बाइक सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। गंभीर घायल वृद्ध को अस्पताल लाया जाता उससे पहले मौत हो गई। चरक अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया। गुरुवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है।

इंगोरिया के ग्राम दंगवाड़ा में रहने वाले 60 वर्षीय राधेश्याम पिता कनीराम जाट को रामवासा में तीर्थ यात्रा से लौटते रिश्तेदारों के यहां पूजन कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। शाम को कार्यक्रम खत्म होने पर वह बाइक से इंगोरिया जाने के लिये निकले। परिवार की महिलाओं को कार से रवाना किया गया। बाइक से जा रहे राधेश्याम रामवासा और पंथपिपलाई के बीच पहुंचे थे, उसी दौरान तेजगति से आये चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक घिसटती हुई काफी दूर तक गई और राधेश्याम सिर में गंभीर चोंट लगने पर लहूलुहान हो गये। कार में सवार रिश्तेदारों को दुर्घटना का पता चला तो उन्होंने कार रोकी और अन्य रिश्तेदारों को सूचना दी। इस बीच दुर्घटना की जानकारी लगने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। राधेश्याम जाट को चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। ड्यूटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी गई है। गुरुवार सुबह मृतक राधेश्याम का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा था कि चार पहिया वाहन कार थी, जो टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकली थी। मृतक राधेश्याम जाट खेती किसानी का काम करते थे। मामले की जानकारी लगने पर काफी संख्या में परिवार के लोगों चरक अस्पताल पहुंच गये थे। पुलिस ने मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर कार की तलाश कर रही है।

### एक नजर में



## रामघाट पर नगर निगम ने की विशेष सफाई

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सानिध्य में प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा इस वर्ष भी गंगा दशमी के अवसर पर 25 एवं 26 जून को निकाली जाएगी। क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार परिक्रमा मार्ग पर निगम से संबंधित आवश्यक कार्यों को पूर्ण किया गया है। जिसके अंतर्गत यात्रा मार्ग की विशेष साफ सफाई, मरम्मत एवं पेंचवर्क कार्य, मार्ग की धुलवाई का कार्य, सौंदर्यीकरण को दृष्टिगत रखते हुए रंगाई पुताई, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा के अन्तर्गत सम्पूर्ण यात्रा मार्ग जो कि निगम सीमा में आता है। वहां विशेष रूप से मॉनिटरिंग करते रहें। ताकि परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना आए इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। जो अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ निगरानी का कार्य करेंगे। व्यवस्था के अंतर्गत जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य, उद्यान, प्रकाश, शिल्पज्ञ, पीएचई, अन्य कर, पशु गैंग, फायर, वर्कशॉप विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।




## निगम अध्यक्ष ने किया वार्ड 54 में भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 54 की पार्षद सुगन बाबूलाल बाघेला के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 94 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, महामंत्री आनंद सिंह खींची, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी की उपस्थिति में किया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 54 हामूखेड़ी स्थित राम मंदिर से शंकर पेंटर के घर तक लगभग 3 किलोमीटर लंबे मार्ग पर नगर निगम द्वारा निगम मद की राशि रुपए लगभग 94 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड, नाली निर्माण एवं रिटर्निंग वॉल का कार्य किया जाएगा। इस दौरान पंकज मिश्रा, मधुकर राव, बादल सिंह चौहान, निमेश अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे




## उन्हेल में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां पूर्ण

**उज्जैन।** स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के अंतर्गत उज्जैन शहर के साथ-साथ उन्हेल नगर परिषद को भी संयुक्त रूप से मिलकर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करना है। उज्जैन शहर द्वारा स्वच्छता से संबंधित प्रभावी कार्यों को किया किया जा रहा है। इसी के साथ महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव की मंशा अनुसार एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार उन्हेल नगर परिषद में भी नगर निगम उज्जैन की टीम द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता से संबंधित प्रभावी कार्रवाई, कमर्शियल क्षेत्र में सफाई का कार्य संपूर्ण जवाबदारी के साथ किया जा रहा है।

# सोने के लालच में व्यापारी से 10 लाख की धोखाधड़ी

- सस्ते सोने के लालच में उलझे व्यापारी, एक आरोपी रिमांड पर

**उज्जैन। सस्ते सोने के लालच में उलझे व्यापारी के साथ 10 लाख की धोखाधड़ी हो गई मामला पुलिस के पास पहुंचने पर धोखाधड़ी से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार का रिमांड पर लिया गया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस गुजरात के कच्छ गई हुई है।**

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि सेठीनगर में रहने वाले व्यापारी अजय जाधव ने शिकायत दर्ज कराकर बताया कि वर्ष 2023 में वह मुम्बई गया था, जहां उसकी मुलाकात राज नामक युवक से हुई थी। जिसने खुद को गुजरात के कच्छ भुज का रहने वाला बताया था और कहाकि उसके पास कस्टम का गोल्ड आता है। जिसे



सस्ते में दिलवा देगा। इसी के चलते उसकी बातों में आ गया। उज्जैन लौटने पर संपर्क में रहा, लेकिन कस्टम का इशु चलने की बात कहकर गोल्ड भेजने से मना करता रहा। कुछ समय पहले उसने गोल्ड भेजने की बात कहीं और कुछ रुपयों का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया। कुछ समय पहले राज ने रोहित को उज्जैन भेजा और 7.62 लाख रुपये मंगवाये। रुपये देने के बाद रोहित लौट गया। 18 मई को रोहित एक डिब्बा लेकर आया और उसमें गोल्ड होने की बात कहकर डिब्बा दिया। जिसके बाद वह चला गया, लेकिन डिब्बा खोला तो वह मिठाई का था, जिसमें कलाकंद रखा हुआ था। करीब 10 लाख देने के बाद डिब्बे में मिठाई निकलने पर रोहित की तलाश शुरू की गई और उसके पकड़ा गया है। एएसआई गौतम के मुताबिक मामला धोखाधाड़ी का होने पर प्रकरण दर्ज किया गया और रोहित का पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर 6 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान सामने आया कि रोहित का पूरा नाम रोहित उर्फ अंकुर पिता प्रदीप भाई जोशी निवासी कच्छ गुजरात है। वह राज का साथी है। पुलिस टीम उसे राज की तलाश में गुजरात लेकर गई है।

## कांग्रेस ने किया स्व. राजीव गांधी को याद

**उज्जैन।** शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर पीपलीनाका चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान देश में सदैव याद किया जाएगा। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोहर बैरागी, सत्यनारायण पंवार, डॉ. रवि राय, अजीत सिंह ठाकुर, राजेश राणा, सुनील कछवाय, अरुण रोचवानी, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, कृष्णा यादव, हेमंत कोली और रश्मि त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अतिरिक्त सचिव नितेश कुमार मिश्रा का उज्जैन में स्वागत

### युवाओं की भूमिका पर की सकारात्मक चर्चा

**उज्जैन। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव नितेश कुमार मिश्रा के उज्जैन आगमन पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) प्रकोष्ठ द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान रासेयो की विभिन्न गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर सकारात्मक चर्चा हुई।**

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार ने पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न भेंट कर मिश्रा का सम्मान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के उप सलाहकार डॉ. अशोक कुमार श्रोती और युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में संचालित रासेयो की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा की गई।

अतिथियों ने रासेयो के माध्यम से युवाओं में विकसित हो रही सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम में जिला संगठक डॉ. प्रदीप लाखरे सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## विजय ग्रंथ का पारायण

**उज्जैन।** शहर में गजानन महाराज विजय ग्रंथ का सामूहिक पारायण श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। सामूहिक पारायण सोहळा समिति के तत्वावधान में स्थानीय आनंद मांगलिक परिसर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में 101 सद्भक्तों ने एक साथ ग्रंथ का वाचन किया। सामूहिक पारायण की शुरुआत सुबह 8 बजे से हुई। इसमें शामिल सद्भक्तों ने करीब 6 घंटे तक लगातार बैठकर अपनी सेवा अर्पित की। अनुष्ठान में मुख्य वाचन रवींद्र अयाचित ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूर्णता के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया।

# 76वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उज्जैन के चार खिलाड़ी चयनित

- पांडिचेरी में 22 से 29 मई 2026 तक आयोजित होने वाली
- बास्केटबॉल प्रतियोगिता

**उज्जैन।** पांडिचेरी में 22 से 29 मई 2026 तक आयोजित होने वाली 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश की टीम में उज्जैन के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। बास्केटबॉल एसोसिएशन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और पांडिचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को ग्वालियर में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया गया था। इसी शिविर में मध्य प्रदेश टीम का अंतिम चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग से उज्जैन के आदित्य पांचाल और तनिष्क पांचाल शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग से वृतिका कुरील और वैष्णवी गुप्ता ने मध्य प्रदेश की टीम में अपनी जगह बनाई है।



### श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, कोच मनीषा पंवार, प्रगति जैन, समीक्षा भदोरिया और विनोद पांचाल ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने मध्य प्रदेश टीम को चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सभी से शहर को गौरवांवित करें ऐसी कामना की गई है। बता दें कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए ग्वालियर में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया गया था। जिसमें भी अच्छा प्रदर्शन खिलाड़ियों ने किया था।

## रोचवानी बने इंदौर संभाग के प्रभारी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अवनीश भार्गव ने उज्जैन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण रोचवानी को इंदौर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। उन्हें इंदौर संभाग के अंतर्गत आने वाली जिला इकाइयों के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कार्य में रतलाम के सचिव रजनीकांत व्यास को सह-प्रभारी बनाया गया है। मुख्य संगठक द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, प्रभारी रोचवानी जल्द ही इंदौर संभाग के जिलों का दौरा कर सेवा दल के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

**महाकाल शरणम्** — मध्यप्रदेश के मंत्री कांकर भी पहुंचे बाबा का आशीर्वाद लेने

# फिल्म एक्ट्रेस मोनालिसा महाकाल की भस्मारती में हुईं शामिल

**उज्जैन।** भोजपुरी फिल्मों की एक्ट्रेस अंतरा बिस्वास परिवार के साथ गुरुवार को तड़के 4 बजे महाकाल की भस्मारती में शामिल हुई। अंतरा फिल्मों में मोनालिसा के नाम से चर्चित है।

दो घंटे नंदी हॉल में आरती देखने के बाद उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। फिर नंदी जी का पूजन कर कान में अपनी मनोकामना कही। मोनालिसा बिग बॉस-10 सहित कई हिंदी टीवी धारावाहिकों में अभिनय कर चुकी है। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री



संजीव कांकर दोपहर में महाकाल दर्शन करने पहुंचे। मंत्री कांकर ने नंदी हाल में बैठकर आराधना की।

### श्री बांके बिहारी मंदिर पर श्रीमद् भागवत

उज्जैन। अंकपात मार्ग खाक चौक स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में अधिक मास में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन होगा। मंदिर संस्थापक पं. हरिनारायण शास्त्री 1 जून से 7 जून तक कथा का रसपान कराएंगे। मंदिर पुजारी वासुदेव शास्त्री ने बताया कि अधिकमास के भगवान विष्णु का अतिप्रिय माह है और धार्मिक कार्यों के लिए उपयुक्त माना गया है। श्री बांके बिहारी जी के मंदिर में कई आयोजन होंगे। जिसमें श्रीमद्भागवत कथा 1 जून से 7 जून तक प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक भागवत कथा होगी। कथा आयोजक केंद्रीय श्रीमदभागवत ज्ञान गंगा समिति है। मुख्य यजमान ऋषि विजयवर्गीय व परिवार जन रहेंगे।

### दर्शन करने आए श्रद्धालु ने कैमरा दान में दिया

महाकाल मंदिर में गुरुवार को इंदौर से आए भक्त ने श्रीजन लीगल सॉल्यूशन प्रा. लि. इंदौर के नाम से मंदिर के पुरोहित पं. रूपम शर्मा, पं. नवनीत शर्मा की प्रेरणा से एक कैनन ईओएस आर-6 एमआईआई कैमरा बॉडी दान स्वरूप भेंट की।

## महाकाल मंदिर के पुजारी रमण त्रिवेदी नेपाल सम्मान- 2026 से अलंकृत




**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पुजारी महर्षि पं. रमण त्रिवेदी को नेपाल में आयोजित समारोह में नेपाल सम्मान - 2026 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ लंदन के सीईओ संतोष शुक्ला, नेपाल की उप सभापति भवानी राणा, नेपाल की सांसद इंदिरा राणा, यूएसए की जेक्लीन ने प्रदान किया। जिसमें उन्हें शाल श्रीफल के साथ अवार्ड व प्रमाण पत्र सौंपा गया। अवार्ड लेते समय मंच पर पं. त्रिवेदी की धर्मपत्नी निर्मला त्रिवेदी भी मौजूद थी। पं. त्रिवेदी ने बताया कि यह सम्मान उन्हें धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रदान किया गया है। नेपाल में आयोजित समारोह में उनके साथ भारत व नेपाल की कई हस्तियां सम्मानित हुईं। पं. त्रिवेदी को यह सम्मान प्राप्त होने पर पुजारी समाहित त्रिवेदी, उमेश त्रिवेदी सहित पंडे-पुजारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।